# झारखण्ड विधान सभा
## दैनिक विवरणिका

पंचम् झारखण्ड विधान सभा
संख्या-16

पंचम् (बजट) सत्र
मंगलवार, दिनांक-23 मार्च, 2021 ई०।

समय-11.00 बजे पूर्वाह्न से 07.01 बजे अप० तक।

**(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।)**

माननीय अध्यक्ष महोदय के आसन ग्रहण करते ही माननीय सदस्य, श्री उमाशंकर अकेला ने उनका ध्यान आकृष्ट करते हुए सूचित किया कि आज 23 मार्च को आजादी की लड़ाई में शहीद होनेवाले वीर भगत सिंह का शहादत दिवस है। इस अवसर माननीय सदस्य ने भगत सिंह की तस्वीर भी उन्हें भेंट की तदुपरांत आसन द्वारा पूरे सदन की ओर से शहीद वीर भगत सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित की गयी तथा इसके लिए माननीय सदस्य, श्री अकेला को उन्होंने धन्यवाद दिया।

### 1.प्रश्नकाल:-

आज के लिए निर्धारित प्रश्नों का व्यवस्थापन निम्न प्रकार से हुआ-

**(i) अल्पसूचित प्रश्नों की कुल संख्या-27**

(क) उत्तरित कुल-04, अ० सू०-276, श्री बंधु तिर्की, स०वि०स०,
अ० सू०-277, श्री ढुलू महतो, स०वि०स०,
अ० सू०-278, श्री बंधु तिर्की, स०वि०स०,
अ० सू०-279, श्री समीर कुमार मोहन्ती, स०वि०स०।

इस क्रम में माननीय सदस्य, श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह ने माननीय मंत्रियों द्वारा दिये जा रहे प्रश्नोत्तरों पर असंतोष जाहिर किया।

(ख) अनागत कुल-23, अ० सू०-280 से अ० सू०-302 तक।

**(ii) तारांकित प्रश्नों की कुल संख्या-35**

(क) उत्तरित कुल-02, तारां०-720, डॉ० इरफान अंसारी, स०वि०स०,
(इस अवसर पर माननीय सदस्या, श्रीमती दीपिका पाण्डेय सिंह द्वारा विधान सभा के यू-ट्यूब में वीडियो के छेड़छाड़ किये जाने की ओर आसन का ध्यान आकृष्ट किया गया।)
तारां०-721, श्री बिरंची नारायण, स०वि०स०।

(ख) अनागत कुल-33, तारां०-722 से लेकर तारां०-754 तक।

→

(इस अवसर पर माननीय सदस्य, श्री अनन्त कुमार ओझा ने अखबार में प्रकाशित समाचार "रेलवे की आपत्ति से 47 करोड़ की सड़क बेकार" की ओर आसन का ध्यान आकृष्ट करते हुए अनुरोध किया कि लोकहित में इसे चालू कराया जाय। इससे उधवा, बड़हरवा, साहिबगंज एवं तालझारी आदि प्रखण्ड के लाखों लोगों को लाभ मिलेगा एवं राजमहल प्रखण्ड के तीन पहाड़ बाजार में लगनेवाली जाम से मुक्ति भी मिलेगी और जिला मुख्यालय की यातायात में सुविधा भी होगी।)

## 2.शून्यकाल की सूचनायें:-

आज के लिए स्वीकृत निम्नांकित शून्यकाल की सूचनायें माननीय सदस्यों द्वारा पढ़ी गयी-

श्री उमाशंकर अकेला,
श्री समरी लाल,
श्री कोचे मुण्डा,
श्री रामचन्द्र सिंह,
श्री नारायण दास,
श्री राज सिन्हा,
सुश्री अम्बा प्रसाद,
श्री दीपक बिरूवा,
श्री बिरंची नारायण,
श्री मथुरा प्रसाद महतो,
श्री समीर कुमार मोहन्ती,
श्री केदार हजरा,
श्री इन्द्रजीत महतो,
श्री लम्बोदर महतो,
श्री जिगा सुसारन होरो,
श्री जय प्रकाश भाई पटेल,
श्री विनोद कुमार सिंह,
श्री भूषण तिर्की,
श्री नमन विक्सल कोनगाड़ी,
श्री इरफान अंसारी,
श्री राजेश कच्छप,
श्रीमती ममता देवी,
श्री दुलू महतो,
श्री बंधु तिर्की,
श्री सोनाराम सिंकू।

## 3.ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचनायें एवं उसपर सरकार का वक्तव्य:-

(इस अवसर पर माननीय सदस्य, श्री मनीष जायसवाल ने हजारीबाग जिले के विभिन्न इलाकों में हाथियों के आतंक को रोकने एवं इससे हो रही क्षति के एवज में मुआवजा दिलायें जाने हेतु आसन का ध्यान आकृष्ट किया।)

i- माननीय सदस्य, श्री नीलकण्ठ सिंह मुण्डा एवं अन्य से प्राप्त ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ,

क्र० पृ० 30-

ii- माननीय सदस्य, श्री दशरथ गागराई एवं अन्य से प्राप्त ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ,

iii- माननीय सदस्य, श्री अमित कुमार मण्डल एवं अन्य से प्राप्त ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ,

iv- माननीय सदस्य, डॉ0 सरफराज अहमद से प्राप्त ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ।

इसके बाद शेष स्वीकृत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचनायें क्रमांक-09 से 37 तक जाँच एवं प्रतिवेदन हेतु प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण समिति में आसन द्वारा सुपूर्द की गयी।

## 4.सभा मेज पर प्रतिवेदनों का रखा जाना:-

आसन द्वारा पुकारे जाने पर माननीय सभापति, श्री निरल पुरती द्वारा सभा नियम-216(1) के तहत सरकारी आश्वासन एवं आवास समिति का 42वें, 43वें एवं 44वें प्रतिवेदन की एक-एक प्रति सभा पटल पर रखी गयी।

(अन्तराल)

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

(इस अवसर पर माननीय सदस्य, श्री मनीष जायसवाल ने हजारीबाग के कटकमसाण्डी में पाँच बच्चों के डूबकर मरने, माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव ने सदन में माननीय मंत्री द्वारा दिये गये आश्वासन के बावजूद भी संविदा पर कार्यरत कम्प्यूटर ऑपरेटरों को हटाये जाने, माननीय सदस्य, श्री ढुलू महतो ने उनके विधानसभा क्षेत्र में खनन पदाधिकारियों द्वारा लाठीचार्ज किये जाने तथा माननीय सदस्या, श्रीमती ममता देवी ने आनेवाले रामनवमी त्योहार को धूमधाम से मनाये जाने हेतु ढील दिये जाने की ओर आसन का ध्यान आकृष्ट किया।)

## 5.विधायी कार्य:-

### i- झारखण्ड राज्य के स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन विधेयक, 2021

माननीय प्रभारी मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग श्री सत्यानन्द भोक्ता द्वारा सभा की अनुमति से उपर्युक्त विधेयक को पुर:स्थापित किया गया।

पुर:स्थापनोपरांत माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा प्रस्तुत उपर्युक्त विधेयक पर विचार का प्रस्ताव सभा द्वारा स्वीकृत हुआ, लेकिन माननीय सदस्य, श्री विनोद कुमार सिंह एवं माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव के द्वारा इसे प्रवर समिति में सौंपने हेतु दिये गये प्रस्ताव के आलोक में विधेयक को प्रवर समिति में सौंपा गया।

### ii- झारखण्ड विद्युत शुल्क (संशोधन) विधेयक, 2021

माननीय प्रभारी मंत्री, वाणिज्यकर विभाग, डॉ॰ रामेश्वर उराँव द्वारा सभा की अनुमति से उपर्युक्त विधेयक को पुर:स्थापित किया गया।

पुर:स्थापनोपरांत माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा प्रस्तुत उपर्युक्त विधेयक पर विचार का प्रस्ताव सभा द्वारा स्वीकृत हुआ।

क्र०पृ०30-

खण्डशः विचार के क्रम में विधेयक के खण्ड- 02 एवं 03, अनुसूची, खण्ड-01, प्रस्तावना तथा नाम बारी-बारी से सभा की अनुमति से इस विधेयक के अंग बने।

माननीय प्रभारी मंत्री ने उपर्युक्त विधेयक की स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया तत्पश्चात् झारखण्ड विद्युत शुल्क (संशोधन) विधेयक, 2021 सभा द्वारा स्वीकृत हुआ तथा माननीय सदस्य, श्री नवीन जायसवाल, श्री रामचन्द्र चन्द्रवंशी एवं माननीय सदस्य, श्री लम्बोदर महतो द्वारा प्रस्तुत संशोधन के प्रस्ताव अस्वीकृत हुए।

**iii- झारखण्ड क्षेत्रीय विकास प्राधिकार (संशोधन) विधेयक, 2021**

माननीय प्रभारी मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, श्री चम्पाई सोरेन द्वारा सभा की अनुमति से उपर्युक्त विधेयक को पुरःस्थापित किया गया।

पुरःस्थापनोपरांत माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा प्रस्तुत उपर्युक्त विधेयक पर विचार का प्रस्ताव सभा द्वारा स्वीकृत हुआ।

खण्डशः विचार के क्रम में विधेयक के खण्ड-02 से खण्ड-08, खण्ड-01, प्रस्तावना तथा नाम बारी-बारी से सभा की अनुमति से इस विधेयक के अंग बने।

माननीय प्रभारी मंत्री ने उपर्युक्त विधेयक की स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया तत्पश्चात् झारखण्ड क्षेत्रीय विकास प्राधिकार (संशोधन) विधेयक, 2021 सभा द्वारा स्वीकृत हुआ एवं माननीय सदस्य, श्री रामचन्द्र चन्द्रवंशी एवं श्री अमर कुमार बाउरी द्वारा दिये गये संशोधन के प्रस्ताव अस्वीकृत हुए।

**iv- झारखण्ड मोटर वाहन करारोपण (संशोधन) विधेयक, 2021**

माननीय प्रभारी मंत्री, परिवहन विभाग, श्री चम्पाई सोरेन द्वारा सभा की अनुमति से उपर्युक्त विधेयक को पुरःस्थापित किया गया।

पुरःस्थापनोपरांत माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा प्रस्तुत उपर्युक्त विधेयक पर विचार का प्रस्ताव सभा द्वारा स्वीकृत हुआ।

खण्डशः विचार के क्रम में विधेयक के खण्ड- 02 से खण्ड-04, अनुसूची, खण्ड-01, प्रस्तावना तथा नाम बारी-बारी से सभा की अनुमति से इस विधेयक के अंग बने।

माननीय प्रभारी मंत्री ने उपर्युक्त विधेयक की स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया तत्पश्चात् झारखण्ड मोटर वाहन करारोपण (संशोधन) विधेयक, 2021 सभा द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ।

**v- श्रीनाथ विश्वविद्यालय विधेयक, 2021**

माननीय प्रभारी मंत्री, उच्च तकनीकी शिक्षा विभाग, श्री मिथिलेश ठाकुर द्वारा सभा की अनुमति से उपर्युक्त विधेयक को पुरःस्थापित किया गया।

पुरःस्थापनोपरांत माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा प्रस्तुत उपर्युक्त विधेयक पर विचार का प्रस्ताव सभा द्वारा स्वीकृत हुआ।

क्र0 पृ0 30-

खण्डशः विचार के क्रम में विधेयक के खण्ड- 02 से खण्ड-46, अनुसूची, खण्ड-01, प्रस्तावना तथा नाम बारी-बारी से सभा की अनुमति से इस विधेयक के अंग बने।

माननीय प्रभारी मंत्री ने उपर्युक्त विधेयक की स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया तत्पश्चात् श्रीनाथ विश्वविद्यालय विधेयक, 2021 सभा द्वारा स्वीकृत हुआ एवं माननीय सदस्य, श्री रामचन्द्र चन्द्रवंशी तथा माननीय सदस्य, श्री अनन्त कुमार ओझा द्वारा दिये गये संशोधन के प्रस्ताव अस्वीकृत हुए।

## 6.गैर सरकारी संकल्प की सूचनायें:-

पंचम् झारखण्ड विधान सभा के पंचम् (बजट) सत्र में निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा गैर-सरकारी संकल्प की सूचनायें पढ़ी गयी जो सरकारी उत्तर के पश्चात् वापस ली गयी:-

| क्र०सं० | माननीय सदस्य का नाम | संक्षिप्त विषय | स्थिति |
|---|---|---|---|
| 01 | श्री रामचन्द्र सिंह | लातेहार जिला के बरवाडीह प्रखण्ड को अनुमण्डल का दर्जा देना, | वापस |
| 02 | श्री रणधीर कुमार सिंह | देवघर जिला के सारठ प्रखण्ड को पूर्ण अनुमण्डल का दर्जा देना, | वापस |
| 03 | श्रीमती अपर्णा सेनगुप्ता | धनबाद जिलान्तर्गत निरसा गोबिन्पुर जलापूर्त्ति योजना को अतिशीघ्र पूर्ण कराना , | वापस |
| 04 | श्री बिरंची नारायण | बोकारो के विस्थापित क्षेत्रों में पंचायती राज व्यवस्था लागू कराना, | वापस |
| 05 | श्री मथुरा प्रसाद महतो | धनबाद जिला के तोपचांची प्रखण्ड स्थित खेराबेड़ा ग्राम के उत्क्रमित मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित कराना, | वापस |
| 06 | श्री नारायण दास | जसीडीह औद्योगिक ईकाई को पुनर्जीवित कर बन्द पड़े उद्योग को पुनः स्थापित कराना, | वापस |
| 07 | श्री दशरथ गागराई | सरायकेला-खरसांवा जिला के निर्माणाधीन अस्पताल का कार्य चालू वित्तीय वर्ष में पूर्ण कराना, | अपृष्ठ |
| 08 | सुश्री अम्बा प्रसाद | हजारीबाग जिला के बड़कागाँव को अनुमण्डल का दर्जा देना, | वापस |
| 09 | श्री समरी लाल | राँची जिलान्तर्गत खलारी प्रखण्ड को अनुमण्डल का दर्जा देना, | अपृष्ठ |
| 10 | प्रो० स्टीफन मराण्डी | पाकुड़ जिलान्तर्गत पाकुड़िया प्रखण्ड में एक डिग्री काँलेज की स्थापना कराना, | वापस |
| 11 | डॉ० सरफराज अहमद | गिरिडीह जिलान्तर्गत गांडेय प्रखण्ड में राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय की स्थापना कराना, | वापस |
| 12 | श्री समीर कुमार मोहन्ती | पूर्वी सिंहभूम जिलान्तर्गत चाकुलिया में एक महाविद्यालय की स्थापना कराना, | वापस |

ह० ह० उ०-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 13 | श्री सोनाराम सिंकू | राज्य सरकारों/विधान सभा के माननीय विधायकों के बाह्य कर्मियों को सेवाकाल में सामाजिक सुरक्षा देय हेतु कल्याण कोष का गठन कराना, | वापस |
| 14 | श्री भूषण बाड़ा | सिमडेगा जिलान्तर्गत ठेठईटांगर प्रखण्ड में पथ का निर्माण कराना, | वापस |
| 15 | श्री विनोद कुमार सिंह | बराकर नदी में राजदाह घाट पर उच्चस्तरीय पुल का निर्माण कराना, | वापस |
| 16 | डॉ० इरफान अंसारी | जामताड़ा जिला के मिहिजाम में कांगोई रेलवे फाटक से निर्मल महतो शहीद चौक तक फ्लाईओवर का निर्माण कराना, | वापस |
| 17 | श्री नलिन सोरेन | दुमका जिला के ग्राम-बांकीपुर खरबोना से बड़जोल के बीच दरका नदी पर उच्चस्तरीय पुल का निर्माण कराना, | वापस |
| 18 | श्री रामदास सोरेन | राज्य सरकार के जिला समाहरणालय संवर्गीय पदों पर कार्यरत कर्मचारियों को तृतीय वर्गीय पदों पर प्रोन्नति हेतु पूर्व में स्थापित नियमावली को लागू कराना, | वापस |
| 19 | श्री सुदिव्य कुमार | चिकित्सा विश्वविद्यालय की स्थापना कराना, | अपृष्ठ |
| 20 | श्री जय प्रकाश भाई पटेल | हजारीबाग जिलान्तर्गत विष्णुगढ़ प्रखण्ड को पूर्ण रूप से अनुमण्डल घोषित कराना, | वापस |
| 21 | श्री ढुलू महतो | धनबाद जिला के खानुडीह स्टेशन के रेलवे क्रॉसिंग पर ओवर ब्रिज का निर्माण कराना, | वापस |
| 22 | श्री ग्लेन जोसेफ गॉलस्टन | राँची जिला के मैक्लुस्कीगंज थाना निर्माण में लगे भूमि के एवज में भू-स्वामी को राशि दिया जाना | वापस |
| 23 | श्री बंधु तिर्की | राँची जिलान्तर्गत मांडर प्रखण्ड में प्रस्तावित तुको ग्रिड का कार्य अविलम्ब चालू कराने हेतु जे.बी.वी. एन.एल. को प्रस्ताव पारित कर भेजा जाना, | वापस |
| 24 | श्री राज सिन्हा | धनबाद में मटकुरिया से बैंक मोड़ होते हुए पूजा टॉकिज तक फ्लाई ओवर का निर्माण कराना, | वापस |
| 25 | श्री प्रदीप यादव | झारखण्ड की सरकारी सेवाओं एवं गैर-सरकारी सेवाओं की तमाम नौकरियाँ मूलवासी झारखण्डियों के लिए होना, | वापस |
| 26 | श्री केदार हजरा | जमुआ को पूर्ण जिला का दर्जा देना, | वापस |
| 27 | श्री किशुन कुमार दास | एन.टी.पी.सी. द्वारा अधिगृहित रैयती के समान गैर-मजरूआ भूमि के लिए अद्यतन मुआवजा का भुगतान एवं नौकरी प्रदान करना, | वापस |
| 28 | श्री सरयू राय | महापुरूषों की जयन्ती एवं पुण्यतिथि पर सरकारी समारोह आयोजित कराना, | वापस |
| 29 | श्री मनीष जायसवाल | राज्य सरकार के सभी व्यवहार न्यायालयों में लोक | वापस |

ह० ह० ३०-

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | अभियोजक एवं अपर लोक अभियोजक के पद पर अधिवक्ताओं की नियुक्ति कराना, | |
| 30 | श्री रामचन्द्र चन्द्रवंशी | पलामू जिला के विश्रामपुर प्रखण्ड एवं गढ़वा जिला के मझिआंव प्रखण्ड को अनुमण्डल का दर्जा देना, | वापस |
| 31 | श्री भूषण तिर्की | जामताड़ा जिला अन्तर्गत नाला प्रखण्ड को अनुमण्डल बनाना, | वापस |
| 32 | डॉ० लम्बोदर महतो | बेरमो अनुमण्डल को जिला बनाना, | वापस |
| 33 | श्री नमन विक्सल कोनगाड़ी | झालको द्वारा बन्द पड़े सभी पुराने लिफ्ट एरिगेशनों को एवं नये लिफ्ट एरिगेशन भी बनाकर चालू कराना, | वापस |
| 34 | डॉ० कुशवाहा शशिभूषण मेहता | पलामू जिला के पांकी को अनुमण्डल का दर्जा दिया जाना, | वापस |
| 35 | श्री अनन्त कुमार ओझा | साहेबगंज मुख्यालय में मंडल रेल कार्यालय स्थापित कराना, | वापस |
| 36 | श्रीमती दीपिका पाण्डेय सिंह | गोड्डा जिले के महगामा में अनुमण्डलीय न्यायालय का गठन कराना, | वापस |
| 37 | श्री कमलेश कुमार सिंह | हुसैनाबाद हरिहरगंज में विधानसभा क्षेत्र में समुचित सिंचाई की व्यवस्था कराना, | अपृष्ट |
| 38 | डॉ० नीरा यादव | कोडरमा जिला के मरकच्चो प्रखण्ड को अनुमण्डल का दर्जा दिलाना, | अपृष्ट |
| 39 | श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह | संविदा/अनुबंध/दैनिकवेतनभोगी के रूप में कार्यरत पदाधिकारियों/कर्मचारियों/अभियंताओं की सेवा नियमित कराना, | अपृष्ट |
| 40 | श्री अमित कुमार यादव | हजारीबाग जिला के चलकुशा प्रखण्ड को कोडरमा जिला में शामिल कराना, | वापस |
| 41 | श्री अमित कुमार मण्डल | मेडिकल छात्रा की मौत की सी.बी.आई. जाँच कराया जाना, | अपृष्ट |
| 42 | श्री इन्द्रजीत महतो | पंडुकी बरवाअड्डा को नया प्रखण्ड बनाना, | वापस |
| 43 | श्रीमती पुष्पा देवी | पलामू जिला के छतरपुर अनुमण्डल में निबंधन कार्यालय की स्थापना किया जाना, | वापस |
| 44 | श्री भानू प्रताप शाही | गढ़वा जिला के भवनाथपुर टाउनशिप में सीमेंट फैक्ट्री खोलना। | वापस |

(इस अवसर पर कार्यवाही पर्यन्त सभा की सहमति से सदन का समय विस्तारित किया गया।)

इसके उपरांत आसन की अनुमति से माननीय सदन नेता सह मुख्यमंत्री, श्री हेमन्त सोरेन ने पंचम् बजट सत्र के सत्रांत पर अपना उद्गार सौम्यतापूर्वक व्यक्त करते हुए सरकार की महत्वपूर्ण उपलब्धियों से सदन को अवगत कराया। उन्होंने राज्य में विकास कार्यों का सकारात्मक ढांचा प्रस्तुत करते हुए सदन के सभी सभासदों, सभा सचिवालय के

क्र० प्र० ३०

पदाधिकारियों/कर्मचारियों, राज्य के पदाधिकारियों/कर्मचारियों, पुलिस एवं मीडियाकर्मियों को बजट सत्र के सफल संचालन में मनोयोग से सहयोग के लिए हार्दिक धन्यवाद दिया तथा माननीय अध्यक्ष महोदय के प्रति अपनी कृतज्ञता अभिव्यक्त की। साथ ही सम्प्रति पुनः पूरे देश में कोरोना के बढ़ते संक्रमण पर चिन्ता व्यक्त करते हुए राज्य की सम्पूर्ण जनता को इससे सचेत रहने की उम्मीद जतायी।

## 7.समापन भाषण:-

पंचम् झारखण्ड विधान के पंचम् (बजट) सत्र की समाप्ति पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने प्रत्येक वर्ष की भाँति इस बार भी इसकी शुरूआत संवैधानिक प्रावधानों के अनुरूप शुरू होने पर प्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने माननीय राज्यपाल महोदया के **''विकास मूलमंत्र और आधार लोकतंत्र''** की उद्घोषणा को स्मरण कराते हुए सरकार की, राज्य के चतुर्दिक विकास में अहम उपलब्धियों का उल्लेख किया। **मरड़ गोमके जयपाल सिंह मुण्डा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना-2020** का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यह हमारे राज्य के छात्रों के लिए दुनिया के दरवाजे खोलने का काम करेगी ताकि वे अपने अध्ययन के क्षेत्र में विश्वस्तरीय ज्ञान अर्जन कर न केवल अपने राज्य बल्कि समस्त मानवजाति के लिए महत्वपूर्ण योगदान दे सकेंगे। **वर्तमान सत्र में निर्धारित 16 कार्य दिवसों के लिए कुल-62 घण्टे निर्धारित थे, परन्तु पक्ष-विपक्ष के माननीय सदस्यों द्वारा किये गये सकारात्मक सहयोग से सदन की कार्यवाही वास्तव में 65 घण्टे चली जो सफलता का 105 प्रतिशत है।** सत्र के दौरान प्राप्त निवेदनों, प्रश्नों, शून्यकाल एवं गैर सरकारी संकल्पों की स्थिति तथा सरकारी विधेयकों के पारित होने एवं अन्य प्रतिवेदनों के सभा पटल पर उपस्थापित किये जाने के सम्बन्ध में भी उन्होंने विस्तार से सदन को अवगत कराया। इसके पश्चात् सत्र के सफलतापूर्वक संचालन के लिए पक्ष-विपक्ष के सभी माननीय सदस्यों, सदन नेता, माननीय मंत्रिगण, सरकार के तमाम विभागाध्यक्षों, कर्मचारियों/पदाधिकारियों, पुलिस प्रशासन, तमाम मीडिया के साथियों, सभा सचिवालय के पदाधिकारियों/कर्मचारियों एवं अन्य सभी सहयोगियार्थियों को धन्यवाद दिया और अन्त में आनेवाले रंगों का त्योहार होली, ईसा के बलिदान का पर्व गुड फ्राइडे, प्रकृति का पर्व सरहुल, पोईला बैशाख, रामनवमी एवं ईद-उल-फितर की शुभकामनायें देते हुए सभा की कार्यवाही अनिश्चित काल तक के लिए उनके द्वारा स्थगित की गयी।

महेन्द्र प्रसाद,
सचिव,
झारखण्ड विधान सभा।

राँची,
दिनांक- 23 मार्च, 2021ई०।